गुरुवार
9 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 65 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## चमकी बुखार, जापानी बुखार और लू से बचाव को लेकर डीएम ने की समीक्षा



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में एईएस, जेई तथा लू से बचाव को लेकर बुधवार को जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन ने जिले में की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।

सिविल सर्जन ने बताया कि एईएस के इलाज के लिए सदर अस्पताल में 10 बेड का पीकू वार्ड बनाया गया है, जबकि अनुमंडलीय अस्पतालों में पांच-पांच बेड तथा प्रखंड स्तर पर दो-दो बेड का मच्छरदानी युक्त एईएस वार्ड क्रियाशील है। इसके साथ ही राज्य स्तर पर स्वास्थ्य अधिकारियों, जिला महामारी विशेषज्ञ, डीसीएम, डीपीसी और डीएम एंड ईओ सहित चिकित्सा पदाधिकारियों व पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है।

जिला स्तर पर भी मास्टर ट्रेनरों द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 39 चिकित्सा पदाधिकारी, 49 पैरामेडिकल स्टाफ, 16 बीसीएम, 750 आशा व आशा फैसिलिटेटर, 74 एम्बुलेंस चालक व ईएमटी सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

जिले के सभी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा रेफरल अस्पतालों में एईएस व जेई नियंत्रण के लिए आवश्यक दवाएं, उपकरण और किट उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके साथ ही जिला व प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है तथा एम्बुलेंस सेवा 102 और 104 को सक्रिय कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत उपलब्ध वाहनों को भी मरीजों के परिवहन के लिए टैग किया जाए। बैठक में नगर आयुक्त, सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता, सिविल सर्जन, डीपीएम, डीएस तथा वरीय उपसमाहर्ता स्थापना शाखा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नालंदा में घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति पर्याप्त, जमाखोरी व कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और खपत के अनुसार निर्बाध आपूर्ति जारी है। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में तीनों कंपनियों की कुल 54 एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन लगभग 9436 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।जिला पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। वर्तमान में जिले का बैकलॉग 44 है, जिसे घटाकर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है।उन्होंने जानकारी दी कि बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर और सिलाव में पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस आपूर्ति की योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। बिहारशरीफ के वार्ड संख्या 22, 23 और 24 में पाइपलाइन पूरी तरह बिछा दी गई है और इन क्षेत्रों में शीघ्र ही शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को पाइपलाइन कनेक्शन दिया जाएगा। अब तक इस योजना के तहत 1651 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 200 आवेदन लंबित हैं जबकि शेष में कनेक्शन प्रदान कर दिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने लोगों से पाइपलाइन सुविधा उपलब्ध होने वाले क्षेत्रों में कनेक्शन लेने का अनुरोध किया, ताकि लोगों को बड़े शहरों जैसी सुविधा मिल सके और एलपीजी पर निर्भरता कम हो। साथ ही उन्होंने बताया कि गैस से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का संचालन किया जा रहा है। जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की सूचना मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चौहरमल बाबा मेले का शुभारंभ, मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन



सुधीर प्रसाद


बेन (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय में चौहरमल बाबा मेले का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित चौहरमल बाबा की प्रतिमा के समक्ष ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान मंत्री ने आयोजकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मघड़ा में घटी घटना से सीख लेते हुए मेले के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। यह मेला वर्ष 1980 से लगातार आयोजित होता आ रहा है और आज यह क्षेत्र की आस्था और परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है।इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य कृष्णा पासवान, अरविंद पटेल, शैलेंद्र कुमार, सुधीर प्रसाद, टुनटुन, अजीत, प्रमोद, वसंत, गांधी, पप्पू तथा दिलशाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने मेले के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तगण पहुंचे तथा चौहरमल बाबा की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। दिनभर मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं, वहीं कई छोटी-बड़ी दुकानों से मेला परिसर गुलजार रहा। ग्रामीण अपने परिवार के साथ मेले का आनंद लेते नजर आए।प्रशासन और आयोजन समिति के कार्यकर्ता सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद दिखे। मेले का मुख्य आकर्षण रात्रि में आयोजित होने वाला विदेशिया नाटक रहेगा, जिसे देखने के लिए लोगों में खास उत्साह देखा जा रहा है।

## इंटर कला संकाय की तीसरी टॉपर साजिया अंसारी को एसडीओ ने किया सम्मानित



हिलसा (अपना नालंदा)। अनुमंडल कार्यालय स्थित एसडीओ कक्ष में बुधवार को इंटरमीडिएट परीक्षा में कला संकाय से राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा साजिया अंसारी को सम्मानित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो तथा उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विदित हो कि 23 मार्च को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीणाम में करायपरसुराय प्रखंड के डियावां गांव निवासी अयाज अंसारी और शाहनवाज बानो की पुत्री साजिया अंसारी ने 477 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में तीसरा स्थान हासिल किया है। साजिया की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।इस अवसर पर एसडीओ अमित कुमार पटेल ने साजिया कीसफलता की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत और लगन अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि साजिया के पिता सिलाई-कढ़ाई का कार्य करते हैं और उनकी माता गृहिणी हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद साजिया ने छोटे बच्चों को पढ़ाकर अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपनी मेहनत के बल पर राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया।साजिया अंसारी ने कहा कि वह आगे चलकर शिक्षिका बनना चाहती हैं और शिक्षा के माध्यम से समाज की सेवा करना चाहती हैं।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदकिशोर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन, एकंगरसराय नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजीव प्रसाद सिंह तथा उच्च विद्यालय करायपरसुराय के प्रधानाचार्य मो. अफजल हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101110252504 32E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# रामपुर विद्यालय में राज्य स्तर के मेधावी छात्र आनन्द कुमार को किया गया सम्मानित




नगरनौसा (अपना नालंदा)। हरनौत विधानसभा क्षेत्र के नगरनौसा प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर में दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र आनन्द कुमार के सम्मान में पुरस्कार वितरण एवं प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। आनन्द कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में राज्य स्तर पर नौवां तथा नालंदा जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है।


कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री तथा सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सह हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्र आनन्द कुमार को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार की ओर से विधायक हरिनारायण सिंह को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि आनन्द कुमार की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से छात्र किसी भी ऊंचाई को प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका की भी सराहना की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जदयू के नालंदा जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने भी छात्र को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जदयू नगरनौसा प्रखंड अध्यक्ष सतीशचन्द्र प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रामपुर पंचायत जदयू अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुबोध कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, शिक्षकगण, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा।










# Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

## Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




### Modular Kitchen

- ✓ Cabinets, shutters, drawers



### TV Unit & Wall Panels

- ✓ Modern design, storage



### Wardrobes & Closets

- ✓ Sliding, swing, loft, drawers



### Bathroom Vanities

- ✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar

# पलटपुर के अजहर आलम ने 95.2 प्रतिशत अंक से बढ़ाया जिले का मान




आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड के पलटपुर गांव निवासी राजमिस्त्री मोहम्मद अफजल अंसारी के पुत्र मोहम्मद अजहर आलम ने वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में 476 अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल स्थान हासिल किया है। उन्होंने कुल 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।अजहर आलम की इस उल्लेखनीय सफलता से पलटपुर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि पर ग्राम पंचायत राज बिलारी के मुखिया हिमांशु कुमार पासवान उर्फ सम्राट हिमांशु ने छात्र को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रोत्साहन राशि देकर उसका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर मुखिया हिमांशु कुमार पासवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और शिक्षा का बेहतर वातावरण मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने अजहर आलम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

वहीं, मोहम्मद अजहर आलम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के सहयोग तथा पलटपुर स्थित टारगेट कोचिंग सेंटर के संचालक संजय सर के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि संजय सर की मेहनत, अनुशासन और पढ़ाई के प्रति समर्पण के कारण ही उन्हें यह सफलता मिली है।

अजहर ने बताया कि उनके साथ पढ़ने वाले कई अन्य छात्रों ने भी 450 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। उनकी सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# कतरीसराय में करोड़ों की सड़क योजना अधूरी, निर्माण कार्य की रफ्तार धीमी




आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के कतरीडिह मोड़ स्थित अटल बिहारी गेट से पेट्रोल पंप, थाना और बाजार होते हुए दुर्गा स्थान तक जाने वाली लगभग 2.300 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने के कारण अधर में लटका हुआ है। सड़क निर्माण की धीमी प्रगति से स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस सड़क निर्माण कार्य का एकरारनामा संख्या सीएमबीडी/025-26 के तहत प्राक्कलित राशि 108.57 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जबकि इसके रखरखाव के लिए 14.13 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। जानकारी के अनुसार, इस परियोजना का कार्य 24 जून 2025 से शुरू होना था और इसे 23 जून 2026 तक पूरा करने की समय-सीमा तय की गई है। इसके साथ ही सड़क के रखरखाव की अवधि वर्ष 2033 तक निर्धारित की गई है।

बताया जाता है कि इस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधानसभा चुनाव से पूर्व स्थानीय विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया था। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि संवेदक द्वारा केवल कतरीसराय बाजार क्षेत्र में कुछ स्थानों पर ही ढलाई का कार्य किया गया है, जबकि पूरी सड़क का पक्कीकरण कार्य अब तक अधूरा पड़ा है।

इस संबंध में संवेदक उमेश कुमार ने बताया कि कार्य पूरा करने के लिए अभी लगभग तीन माह का समय शेष है और निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।


वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि संवेदक जानबूझकर निर्माण कार्य में देरी कर रहे हैं, ताकि रखरखाव मद की राशि बचाई जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर कार्य में तेजी लाने की मांग की है।












# इक़रा इंग्लिश अकादमी में सातवीं के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई समारोह हुआ आयोजित




मोहम्मद जियाउद्दीन


इस्लामपुर (अपना नालंदा)। वहीद उद्दीन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित इक़रा इंग्लिश अकादमी में सातवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि छात्र-छात्राएं अब इस विद्यालय से आगे की पढ़ाई के लिए अन्य विद्यालयों में जाएंगे। यहां प्राप्त की गई शिक्षा और संस्कार को अपने जीवन में बनाए रखें और आगे भी उसी अनुशासन के साथ अध्ययन करते हुए सफलता की ओर बढ़ें।

थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। शिक्षा के माध्यम से वे जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए लगन, अनुशासन और कड़ी मेहनत बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि परिश्रम और समर्पण से ही जीवन में सफलता मिलती है और एक अच्छा नागरिक बनकर समाज की सेवा की जा सकती है।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन, परिश्रम और प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार को गर्व है कि यहां से पढ़कर निकलने वाले छात्र आगे भी सफलता प्राप्त करेंगे।इस अवसर पर विद्यालय में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह को व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साहू, मजदूर संघ के प्रखंड अध्यक्ष जियाउद्दीन तथा पत्रकार अजीत केशरी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में राशिद अनवर, खालिद अनवर, कश्मीरी नाज़, मेहर, रुखसार, नगमा, आयशा, मुस्कान सहित दर्जनों अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।












# गिरियक में प्रतिभा सम्मान समारोह, मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



गिरियक (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप वीआर सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा, जेईई मेन्स तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजगीर के विधायक कौशल किशोर तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य पार्षद मोना देवी और बिपिन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपने संबोधन में विधायक कौशल किशोर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। वहीं मुख्य पार्षद मोना देवी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

समारोह में सफल विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से स्नेहा कुमारी ने 93.8 प्रतिशत (469 अंक), सुहानी कुमारी ने 89.6 प्रतिशत (448 अंक), निरजली कुमारी ने 89.2 प्रतिशत (446 अंक), शिवानी कुमारी ने 86.6 प्रतिशत (433 अंक), अनाली कुमारी ने 83.8 प्रतिशत (419 अंक) तथा नेहा कुमारी ने 82 प्रतिशत (410 अंक) अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

संस्थान के निदेशक विकास कुमार ने बताया कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि छात्रों को प्रेरणा और बेहतर मंच मिल सके। इस अवसर पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विजय गोप, डॉ. रितेश कुमार, प्रो. शैलेंद्र सागर, बिपिन कुमार, योगेंद्र योगी, अवधेश यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# अमेरिकी विदेशी नीति को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती हैं

अमेरिका के इतिहास में शायद ही कोई डोनाल्ड ट्रंप जैसा अधीर, अपरिपक्व बयानवीर और व्यापारी सोच का राष्ट्रपति हुआ हो। संयम व गरिमा शब्द उनके शब्दकोश में ही नहीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका-इस्राइल युद्ध के चरम के बीच उन्होंने जिन अपशब्दों का प्रयोग ईरान के लिये किया, वो उनकी हताशा को ही दर्शाता है। उनके बयानों की पूरी दुनिया के साथ अमेरिका के भीतर भी कड़ी आलोचना हुई है। आज अमेरिका के नागरिक भी सोचते होंगे कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में राष्ट्रपति को इतने निरंकुश अधिकार देना क्या प्रजातंत्र के हित में है? निश्चित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर, अपशब्दों और धार्मिक संदर्भों के साथ तेहरान को दी गई चेतावनी, ट्रंप के आवेगपूर्ण उकसावे के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। एक महाशक्ति के मुखिया द्वारा ऐसी सतही भाषा का प्रयोग न केवल अशोभनीय है बल्कि घातक परिणामों की ओर ले जाने वाला भी है। जाहिरा तौर उनकी धमकियां ईरान को बातचीत की मेज पर लाने के बजाय, उसे और आक्रामक तरीके से जवाबी कार्रवाई करने को उकसाएंगी। दरअसल,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह जताने की असफल कोशिश कर रहे हैं कि मौजूदा युद्ध मध्ययुगीन धर्मयुद्ध का विस्तार है। जिसमें सदियों तक ईसाई और मुसलमान आपस में वर्चस्व के लिये युद्ध करते रहे हैं। उन्होंने राजनीति में धार्मिक भावनाओं का भरपूर इस्तेमाल करते हुए ईरान में मार गिराए गए अमेरिकी फाइटर जहाज के पायलट के बचाव को 'ईस्टर का चमत्कार' बताने से भी गुरेज नहीं किया। जाहिरा तौर पर पुनरुत्थान और आशा का प्रतीक माने जाने वाले ईसाई धर्मावलंबियों के एक पवित्र दिन का हवाला देना, सैन्य अभियान को नैतिक और दैवीय रंगदेने का ही एक असफल प्रयास है। निश्चित तौर पर इस तरह की सतही बयानबाजी एक जटिल भू-राजनीतिक संघर्ष को धार्मिकता की एक सरल कहानी में बदलने का जोखिम पैदा करती है। जो ट्रंप की सैन्य अभियान की तार्किकता सिद्ध करने की विफलता को भी दर्शाती है।

यही वजह है कि अमेरिकी सांसदों ने यह पता लगाने के लिये जांच की मांग की है कि क्या धार्मिक मान्यताओं का प्रयोग सैन्य कार्रवाई को सही ठहराने के लिये किया जा सकता है? निश्चित रूप से उन सांसदों की चेतावनी एक मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांत पर आधारित है, वो है चर्च और राज्य का पृथक्करण का सिद्धांत। उनका तर्क है कि सैन्य निर्णय कानून,रणनीति और जवाबदेही द्वारा निर्देशित होने चाहिए, न कि ईश्वर या बाईबल की भविष्यवाणियों का हवाला देकर। निश्चित रूप से ट्रंप की इन आक्रामक ब्यानबाजियों और कारगुजारियों की कीमत आने वाले वर्षों में अमेरिकियों को चुकानी पड़ सकती है। वहीं दूसरी ओर ट्रंप की गैरजिम्मेदार धमकियां पश्चिमी एशिया में अमेरिकी रक्षा कर्मियों के जीवन को भी खतरे में डाल सकती हैं। वहीं दूसरी ओर गुप्त राजनयिक प्रयासों को भी पटरी से उतार सकती हैं। दुनिया की महाशक्ति के सबसे शक्तिशाली नेता होने के नाते,उन्हें यह जरूर समझना चाहिए कि उनके बेतुके शब्दों से अमेरिकी विदेशी नीति को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है

# अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से टोटो चालक घायल, अस्पताल में भर्ती

हिलसा (अपना नालंदा)। भोभी-लोहड़ा पथ पर बुधवार को लोहड़ा गांव के समीप एक अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

घायल की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के मदाचक गांव निवासी सुकरान जमादार के पुत्र सुधीर जमादार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुधीर जमादार टोटो लेकर हिलसा की ओर जा रहा था। इसी दौरान लोहड़ा गांव के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर ने टोटो में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि टोटो क्षतिग्रस्त हो गया और चालक घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

राहत कार्य में पूर्व मुखिया पवन कुमार ने भी सहयोग किया और घायल को अस्पताल पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

गनीमत रही कि दुर्घटना के समय टोटो में कोई यात्री सवार नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल घायल सुधीर जमादार का अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने तथा नियमित रूप से निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# सिविल सर्जन डॉ. हरिश्चंद्र चौधरी ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। सिविल सर्जन डॉ. हरिश्चंद्र चौधरी ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, जांच व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित कर्मियों को साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से भी बातचीत की तथा उन्हें ड्रेस कोड का पालन करने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने की सलाह दी। डॉ. हरिश्चंद्र चौधरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। किसी भी मरीज को इलाज, दवा या जांच के लिए अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी सेवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित हों और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए।निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की स्थिति, जांच सुविधाओं और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। सिविल सर्जन ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार किया जाए और मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए।वहीं अस्पताल प्रशासन ने सिविल सर्जन को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का शीघ्र अनुपालन किया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# जहानाबाद में पशु बांझपन निवारण चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम शुरू



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। प्रांतीय कृत पशु औषधालय, जहानाबाद के प्रांगण में आत्मनिर्भर बिहार के तहत सात निश्चय-2 योजना के अंतर्गत पशु बांझपन निवारण चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अनीता कुमारी ने की, जबकि संचालन जिला कुक्कुट पदाधिकारी डॉ. रानी कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता कुमारी ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 17 स्थानों पर पशु बांझपन निवारण शिविर लगाए गए हैं। उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं को इन शिविरों में लाकर जांच और उपचार कराएं, ताकि पशुओं की उत्पादकता बढ़ सके। उन्होंने पशुओं में होने वाले बांझपन रोग के कारण, उपचार और उसके प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही शिविर में आए पशुपालकों के बीच बांझपन रोग के उपचार के लिए आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में पशु क्रूरता समिति के सदस्य लवकुश जी, डॉ. संतोष, डॉ. वीणा, डॉ. स्वाती शिवानी, डॉ. सुबोध कुमार तथा डॉ. अरविंद कुमार सहित कई चिकित्सक, पशुपालक और गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञों ने पशुपालकों को पशुओं की बेहतर देखभाल, समय-समय पर जांच और टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी, ताकि पशुधन का विकास हो सके और पशुपालकों की आय में वृद्धि हो।

# सीजफायर या साजिश? अमेरिका-ईरान तनाव पर दुनिया की नजर: चंदन चौरसिया

## 2 हफ्ते की शांति, या बड़े युद्ध की तैयारी?



## तेल, तनाव और अर्थव्यवस्था—भारत पर कितना असर?

पटना (अपना नालंदा)। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्धविराम फिलहाल दुनिया के लिए राहत का संकेत जरूर माना जा रहा है, लेकिन यह राहत कितनी स्थायी होगी, इसे लेकर वैश्विक स्तर पर संशय बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के जानकारों का मानना है कि यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरी दुनिया की राजनीति, तेल बाजार और आर्थिक संतुलन पर पड़ सकता है।

वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया का मानना है कि यह युद्धविराम शांति की दिशा में उठाया गया स्थायी कदम कम और रणनीतिक विराम अधिक प्रतीत होता है। उनके अनुसार, "इतिहास बताता है कि कई बार इस तरह के अस्थायी युद्धविराम का उपयोग दोनों पक्ष अपनी सैन्य और कूटनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए करते हैं।"

दरअसल अमेरिका और ईरान के बीच टकराव कोई नई घटना नहीं है। दशकों से दोनों देशों के बीच परमाणु कार्यक्रम, आर्थिक प्रतिबंध और मध्य-पूर्व में प्रभाव बढ़ाने को लेकर विवाद चलता रहा है। हाल के समय में स्थिति तब और गंभीर हो गई जब ईरान समर्थित समूहों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों के बीच टकराव की घटनाएं बढ़ने लगीं। अमेरिका ने इसे अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताया और जवाबी कार्रवाई की, जबकि ईरान ने इसे अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया। धीरे-धीरे यह टकराव सीमित हमलों से आगे बढ़कर खुले सैन्य संघर्ष का रूप लेने लगा।

हालांकि अब दो सप्ताह का युद्धविराम घोषित किया गया है, जिससे दुनिया भर में राहत की भावना जरूर पैदा हुई है। लेकिन कई विशेषज्ञ इसे स्थायी समाधान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि यह विराम अंतरराष्ट्रीय दबाव, बढ़ते आर्थिक नुकसान, सैन्य संसाधनों के पुनर्गठन और घरेलू राजनीतिक कारणों से लिया गया अस्थायी निर्णय भी हो सकता है।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा असर वैश्विक तेल बाजार पर देखने को मिला है। मध्य-पूर्व दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादक क्षेत्रों में से एक है, इसलिए यहां किसी भी तरह का तनाव तुरंत तेल की कीमतों को प्रभावित करता है। संघर्ष के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी गई, जिससे कई देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि युद्ध दोबारा तेज हुआ तो कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है, जिससे वैश्विक महंगाई बढ़ने की आशंका है।भारत के लिए भी यह स्थिति काफी महत्वपूर्ण है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल महंगे होने से परिवहन लागत बढ़ती है और इसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर दिखाई

देता है। इसके अलावा तेल आयात महंगा होने से भारत का आयात बिल बढ़ता है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। रुपये की कीमत पर भी दबाव पड़ सकता है और विदेशी निवेश प्रभावित हो सकता है।

शेयर बाजार पर भी इस तनाव का असर साफ दिखाई दिया है। युद्धविराम की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार में तेजी आई और निवेशकों ने राहत की सांस ली। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह तेजी तभी टिकेगी जब क्षेत्र में स्थायी शांति बनी रहे। यदि तनाव दोबारा बढ़ा तो बाजार में गिरावट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति के स्तर पर भी इस संघर्ष ने नए समीकरण पैदा कर दिए हैं। रूस और चीन ने ईरान के प्रति समर्थन जताया है, जबकि यूरोपीय देश शांति की अपील कर रहे हैं। वहीं खाड़ी क्षेत्र के कई देश संतुलन बनाए रखने की कोशिश में लगे हैं। इस कारण दुनिया में नए कूटनीतिक ध्रुव बनने की चर्चा भी तेज हो गई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिन बेहद महत्वपूर्ण होंगे। यदि अमेरिका और ईरान बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़ते हैं तो यह संकट टल सकता है। लेकिन यदि तनाव फिर से बढ़ा और अन्य देश इसमें शामिल हो गए, तो यह संघर्ष क्षेत्रीय सीमा से निकलकर वैश्विक संकट का रूप भी ले सकता है।

ऐसी स्थिति में भारत को संतुलित और सतर्क कूटनीतिक रणनीति अपनानी होगी। भारत को अमेरिका और ईरान दोनों के साथ अपने संबंध बनाए रखते हुए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर भी ध्यान देना होगा, ताकि भविष्य में किसी बड़े संकट के समय आर्थिक दबाव को कम किया जा सके।

फिलहाल दो सप्ताह का यह युद्धविराम दुनिया के लिए राहत का अवसर जरूर है, लेकिन इसके पीछे छिपी अनिश्चितता भी उतनी ही बड़ी है। आने वाला समय तय करेगा कि यह शांति स्थायी साबित होगी या फिर किसी बड़े संघर्ष से पहले का विराम।

# हैनिमैन जयंती सह विश्व होमियोपैथी दिवस विशेषांक

विज्ञान और चमत्कार दोनों एक सिक्के के दो पहलू मात्र हैं।जिन हिस्सों का ज्ञान होता है,उसे विज्ञान और जिन हिस्सों को हम नहीं जानते,उसे चमत्कार समझते हैं।

विज्ञान द्वारा स्थापित कुछ सिद्धांतो में सामयिक परिवर्तन होता रहता है,जो हमारे क्रमागत ज्ञान का हिस्सा है। प्रकृति के नियम और सिद्धांत स्थाई होते हैं,जिसके बहुत हीं कम हिस्सों को विज्ञान अब तक जान पायी है, परन्तु उसके बहुत बड़े हिस्सो का प्रभाव और अनुभव जो दिख रहा है,वही हमारे लिए विस्मय और चमत्कार जैसा है। होमियोपैथी चिकित्सा विज्ञान कि बात जिस समय कही गई थी उस समय एटमीक इनर्जी, चुम्बकीय सिद्धांत, जेनेटिक जैव विविधता ,जैव शक्ति सिद्धांत, रोगी और रोग क्या है,कार्य और कारण (कॉज एण्ड इफेक्ट्स) जैसे सिद्धांतो का कोई वैज्ञानिक विश्लेषण नहीं हो पाया था । यद्यपि होमियोपैथी का आधार इन्हीं सिद्धांतों पर खड़ा हुआ।तत्कालीन चिकित्सा इसके विपरीत और अवैज्ञानिक था।तब होमियोपैथ का बहुत बड़ा विरोध हुआ। होमियोपैथी महज़ एक विश्वास और धोखा मात्र है जैसे भ्रम को भी फैलाया गया।जो इसके चिकित्सकीय फायदे से प्रभावित हुए वो इसके वैज्ञानिकता से अनजान थे,उनके लिए भी यह चिकित्सा एक चमत्कार हीं लगा। महान जैव वैज्ञानिक जर्मन फ्रेडरिक डॉ सैमुएल हैनिमैन के द्वारा होमियोपैथी चिकित्सा का आविष्कार दो सौ तीस वर्ष (1796) पूर्व हुआ। जो प्रकृति के अकाट्य सिद्धांत, सिमिलिया सिमिलीबस क्योरेंटर अर्थात समान से समान का नाश (शमः शमम् शमयति) पर आधारित एक मात्र चमत्कारी चिकित्सा विज्ञान है। होमियोपैथी औषधियों में भौतिक गुणों कि जगह एटमी शक्ति और चुम्बकीय गुण मौजूद होता है। समान ध्रुवों के बीच विकर्षण जैसे चुम्बकीय सिद्धांत कि तरह रोगी के सम्पूर्ण लक्षणों में उसके हीं समरुप गुणों वाले आण्विक शक्ति से युक्त दिव्यौषधि का प्रयोग किया जाता है और रोगी अपने सम्पूर्ण रोगों से मुक्त हो जाता है अर्थात समान से समान का नाश। यह विषय विषमौषधम(विष से विष का नाश) जैसे सिद्धांत को भी सिद्ध करता है।औषधिय पदार्थ का स्थुल मात्रा में स्वस्थ व्यक्ति को बार-बार देने से मानसिक एवं शारीरिक लक्षण जो भी प्रकट होता है उसमें उसी औषधिय पदार्थ के शुक्ष्म शक्तिकृत मात्रा जब उस व्यक्ति को दिया जाता है तो वह सभी लक्षण गायब हो जाता है। जो एक अद्भुत जैव शक्ति सिद्धांत के अनुरूप है।अपनी विशिष्ट और अकाट्य वैज्ञानिकता के कारण होमियोपैथी चिकित्सा,अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से यात्रा करते हुए आज




एक्कीसवीं शताब्दी के इस वैज्ञानिक युग में वर्तमान और भविष्य कि एक मात्र चिकित्साविज्ञान सावित हो रहा है। विज्ञान स्वयं में एक चमत्कार है तो होमियोपैथी विज्ञान और चमत्कार दोनों है।आण्विक शक्ति, जैव शक्ति और क्वांटम सिद्धांत ने विज्ञान के लिए एकअसिम ब्रह्माण्ड का द्वार खोल दिया है। वहीं अब होमियोपैथी चिकित्सा के विज्ञान को समझना भी आसान हो गया है।हर छोटी-बड़ी आसाध्य कही जाने वाली बीमारियों से लेकर बड़ी से बड़ी महामारियों में होमियोपैथी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है। हालिया कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी में वायरस के बदलते स्वरूप में किसी भी बाहरी प्रतिरोधी दवाओं या चिकित्सा को सोचने पर मजबूर कर दिया, उल्टे साधारण सफ़ेद और काले फंगस का मौतों में बदलते देखा गया। एक प्रतिष्ठित पत्रिका "द लांसेट" कि हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एण्टिवायोटिक प्रतिरोधी वैक्ट्रिया (सुपर बग इन्फेक्शन) से भारत सहित दुनिया के कई देशों में प्रतिवर्ष लाखों लोगों कि मृत्यु हो रही है जो सन् 2050 तक इसके आंकड़े करोड़ों में हो जाएगी। इसका कारण भी अनियंत्रित एण्टिवायोटिक को बताया जा रहा है। यहां तक कि प्रचलित चिकित्सा व्यवस्था के दशा और दिशा हिनता के कारण,इस वैज्ञानिक युग में भी चिकित्सकीय अंधविश्वास का बहुत बड़ा व्यापार फैला हुआ है। तथाकथित भूत-प्रेत,डायन-जोगिन ,जादू-टोना,और टोटका जैसे भ्रामक बीमारियों का सफल इलाज देने में सक्षम नहीं हैं? यद्यपि तत्कालीन मृत्यु दरों में कमी लाने का श्रेय इसे अवश्य प्राप्त है लेकिन भविष्य सुरक्षित नहीं दिख रहा है।मानव जब कभी भी किसी संकट में आया है तो विज्ञान ने उसे आगे का मार्ग दिखाया है। होमियोपैथी चिकित्सा विज्ञान कि चमत्कारी शक्ति, इन सभी समस्याओं के लिए एक बेहतर विकल्प है।

लेखक:-डॉ आर के यादव , बी,एच,एम,एस(बी०यू)

## हरनौत स्टेशन के पास सड़क हादसा, युवक की मौत

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप हुए एक सड़क हादसे में हासनचक गांव निवासी मुकेश चौधरी की मौत हो गई। बताया जाता है कि हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हेंतुरंत इलाज के लिए कल्याण बिगहा अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. चंद्रभूषण कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



# भूटान में "स्टडी इन इंडिया" कार्यक्रम में नालंदा विश्वविद्यालय की भागीदारी




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा विश्वविद्यालय ने इस सप्ताह भूटान के थिम्पू में आयोजित "स्टडी इन इंडिया" कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहाँ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने संभावित छात्रों और शोधार्थियों से मुलाकात की। इस कार्यक्रम के जरिए विश्वविद्यालय को भूटान के साथ अपने पुराने ऐतिहासिक संबंधों को याद करने का अवसर मिला, जो खासकर गुरु पद्मसंभव जैसे महान बौद्ध गुरुओं से जुड़े हैं। साथ ही, नालंदा विश्वविद्यालय ने यह भी दिखाया कि वह किस तरह एशिया की महान ज्ञान परंपराओं को आज की आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़कर आगे बढ़ रही है।

अपनी यात्रा के दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के डेलीगेशन (डॉ. किशोर धवाला और डॉ. प्रांशु समदर्शी) ने एम्बेसडर संदीप आर्य से मुलाकात की। इस बातचीत में भारत और भूटान के पुराने सांस्कृतिक और विद्वत परंपरा के संबंधों को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। साथ ही, टीम ने रॉयल सिविल सर्विस कमीशन की चेयरपर्सन सुश्री ताशी पेम से भी मुलाकात की और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते आपसीसहयोग की जानकारी दी।

नालंदा विश्वविद्यालय ने '11वें भूटान इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर 2026' में भी हिस्सा लिया। यहाँ विश्वविद्यालय के स्टॉल पर काफी छात्र आए, जिन्हें वहां पढ़ाई के मौकों और 'नालंदा यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप स्कीम' के बारे में बताया गया। पुरानी विरासत और आज के नए कोर्सेज के अनूठे मेल की वजह से नालंदा का यह पवेलियन छात्रों के बीच काफी पॉपुलर रहा। शिक्षा और कौशल विकास मंत्री सुश्री येज़ांग दे थापा ने विश्वविद्यालय के स्टॉल (पवेलियन) का दौरा किया। उन्होंने नालंदा की टीम से बात की और विश्वविद्यालय के उस खास नजरिए को सराहा, जो अपनी पुरानी विरासत को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ता है।इन कोशिशों के जरिए, नालंदा विश्वविद्यालय भारत और भूटान के बीच एक मजबूत कड़ी का काम कर रहा है।

इससे न केवल दोनों देशों में शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि हमारी साझा संस्कृति और ज्ञान की परंपरा भी और मजबूत हो रही है।

# संत पंकज महाराज बोले—गृहस्थ जीवन में रहकर भी करें भगवान का सच्चा भजन





जहानाबाद (अपना नालंदा)। बिहार प्रदेश में अच्छे समाज के निर्माण का संदेश लेकर चल रही बाबा जयगुरुदेव जी महाराज की जनजागरण यात्रा के क्रम में उनके उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज मंगलवार की शाम कल्पा थाना क्षेत्र के सलेमापुर गांव पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में स्थानीय भाई-बहनों और बच्चों ने उनका हर्षोल्लास के साथ भव्य स्वागत किया।

मध्याह्न आयोजित सत्संग में संत पंकज जी महाराज ने कहा कि सत्संग केवल कथा-कीर्तन या गाना-बजाना नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और अंतःकरण की मैल को दूर करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन ईश्वर की कृपा से मिला अनमोल अवसर है, जिसे केवल सांसारिक सुख-सुविधाओं में नहीं गंवाना चाहिए। गृहस्थ जीवन जीते हुए भी प्रतिदिन एक-दो घंटे ईश्वर के सच्चे भजन के लिए निकालना चाहिए, क्योंकि यही भजन अंत समय में मनुष्य के साथ जाता है।

उन्होंने कहा कि भजन का अर्थ जीवात्मा के दिव्य कानों से ईश्वरीय संगीत को सुनना है। इस अवसर पर उन्होंने नामदान देकर प्रभु प्राप्ति के मार्ग की तीनों क्रियाओं को विस्तार से बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा समझाया।संत पंकज जी महाराज ने युवाओं मेंकि पढ़ाई के लिए घर से दूर जाने वाले कई बच्चे गलत संगति के कारण मांसाहार और नशीले पदार्थों के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि स्वयं शाकाहारी बनें और बच्चों को भी इस दिशा में प्रेरित करें ताकि स्वस्थ और नैतिक समाज का निर्माण हो सके।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संदीप बाबू, अशोक कुमार, सकलदेव मिस्त्री, गौरी शंकर, राकेश बिंद, रायबरेली संगत के सतीश सिंह, होरीलाल, भगवानबली, उमेश कुमार मौर्य, छंगू प्रसाद गुप्ता, होरी लाल विश्वकर्मा, राम शंकर वर्मा तथा राम औतार यादव सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव गोलकपुर (घोसी थाना क्षेत्र, जहानाबाद) के लिए प्रस्थान कर गई, जहां गुरुवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे सत्संग आयोजित होगा।

# नालंदा में सात थानों में नए थानाध्यक्षों की तैनाती

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा कई पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण करते हुए उन्हें विभिन्न थानों में थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार पुलिस निरीक्षक सुमन कुमार को दीपनगर थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार झा को चंडी थाना का थानाध्यक्ष, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार को एकंगरसराय थाना का थानाध्यक्ष तथा पुलिस अवर निरीक्षक निशा भारती को कल्याणबिघा थाना का थानाध्यक्ष पद पर पदस्थापित किया गया है।इसी प्रकार पुलिस अवर निरीक्षक मुरली मनोहर आजाद को बिंद थाना, पुलिस अवर निरीक्षक राज कुमार चौधरी को भागनबिघा थाना तथा पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार को चेरो थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है।पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इस पदस्थापन से संबंधित थानों में प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही नए थानाध्यक्षों से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की अपेक्षा की गई है।

# थरथरी में 9 अप्रैल को पंचायत समिति की बैठक, विभिन्न योजनाओं की होगी समीक्षा

थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराने अस्पताल भवन में 9 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे से पंचायत समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पिछली बैठक की संपुष्टि के साथ-साथ विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

बैठक में मनरेगा, बाल विकास, शिक्षा, मध्याह्न भोजन, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य आपूर्ति, अंचल तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही इन योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

इस संबंध में बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी गौरी कुमारी ने बताया कि बैठक को लेकर सांसद, विधायक, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को सूचना देकर बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने बताया कि बैठक को प्रभावी बनाने के लिए प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं मुखिया को पूर्व में पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है कि वे जिन विभागों से संबंधित प्रश्न पूछना चाहते हैं, उसकी प्रति बैठक से पहले प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी या प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध करा दें। इससे संबंधित विभाग के अधिकारी बैठक में प्रश्नों के साथ उपस्थित रहेंगे और समस्याओं का समाधान करने में सुविधा होगी।

# एकसारा गांव में देवी मां प्राण प्रतिष्ठा व लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। प्रखंड के एकसारा गांव में देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का संयुक्त उद्घाटन ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार तथा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

महायज्ञ के अवसर पर 451 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ गांव की विभिन्न गलियों से होकर यज्ञ स्थल तक पहुंचीं। इस दौरान पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

यह महायज्ञ श्री श्री 108 श्री राम नारायण दासत्यागी, काशी नमो घाट वाराणसी के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना में भाग ले रहे हैं।

रात्रि में रासलीला एवं कथा का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसका श्रद्धालु देर रात तक आनंद ले रहे हैं। दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर मेले जैसा माहौल बना हुआ है। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए हैं, वहीं कई दुकानों पर खाने-पीने के सामान भी उपलब्ध हैं।

महायज्ञ को सफल बनाने में नवनीत कुमार, विजय कुमार, कमलेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह, बिंदु प्रसाद सहित कई ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो रहा है और क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था व भाईचारे का संदेश दे रहा है।

# नौ सूत्री मांगों को लेकर अस्पताल चौराहा पर सामाजिक न्याय संघ का धरना




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को बिहारशरीफ के अस्पताल चौराहा पर भारतीय सामाजिक न्याय संघ नालंदा के तत्वावधान में केंद्र सरकार से नौ सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष इंजीनियर टीपू ने की, जबकि मंच संचालन किशोर कुमार ने किया।धरना के माध्यम से संघ ने केंद्र सरकार से शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों को जमीन उपलब्ध कराने सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को पूरा करने की मांग उठाई। इस अवसर पर भारतीय सामाजिक न्याय संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप मंडल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को एकजुट होकर मजबूती से लड़ा जाए। उन्होंने कहा कि आजादी के लगभग 80 वर्ष बाद भी सामाजिक न्याय का सपना अधूरा है और देश के अधिकांश संसाधनों पर आज भी मुट्ठीभर लोगों का कब्जाबना हुआ है।वहीं अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष इंजीनियर टीपू ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली की जा रही है। स्कूल बदलने या कक्षा परिवर्तन के नाम पर पुनः नामांकन शुल्क, मेंटेनेंस शुल्क और किताब-कॉपी एक ही दुकान या स्कूल से लेने की बाध्यता जैसे मुद्दों पर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।धरना को किशोर कुमार, अवधेश पंडित, कृष्णा दास, अजीत यादव, रमेश पासवान, मो. अब्दुल्ला, कल्याण जी, सत्येंद्र जमादार, अनिल पटेल, मोहम्मद आलम, नन्हू, मीर शहाबुद्दीन, हारून रशीद, सोनू आलम, मनोज कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, किशोर साव, सुबोध पंडित, रामजतन रविदास, अनिल चंद्रवंशी, अंजलि कुमारी और रविता देवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

# हरनौत के नियामतपुर में बंद घर का ताला तोड़ पांच लाख की चोरी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के नियामतपुर मोहल्ला में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर नगदी और जेवर समेत करीब पांच लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना बुधवार सुबह सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

पीड़िता सोनवंती देवी, जो टुनटुन बिंद की पत्नी हैं, ने बताया कि उनके पति और पुत्र दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं, जबकि वह घर पर अकेली रहती हैं। उन्होंने बताया कि बीते 20 मार्च को वह अपने घर में ताला लगाकर बेटी के ससुराल पाकड़ गांव चली गई थीं। घर की देखभाल की जिम्मेदारी अपनी गोतनी सुनीता देवी को दी थी।बुधवार सुबह सुनीता देवी ने फोन कर सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही सोनवंती देवी अपने दामाद के साथ पाकड़ गांव से



नियामतपुर पहुंचीं। घर पहुंचने पर देखा कि मुख्य दरवाजे पर नया ताला लगा हुआ था, जबकि अंदर रखी पेटी का ताला टूटा हुआ था और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था।

जब सामान की जांच की गई तो पता चला कि चोरों ने 50 हजार रुपये नगद और सोना-चांदी के जेवर समेत करीब पांच लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई राजेश कुमार सिंह और एएसआई राम प्रताप ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़िता से पूरी जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सदर एसडीपीओ-2 ने थानाध्यक्षों के साथ की अपराध समीक्षा बैठक

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। सदर एसडीपीओ-2 ने बुधवार को तेलमर स्थित अपने कार्यालय में सभी नौ थानाध्यक्षों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक शाम चार बजे शुरू हुई, जिसमें क्षेत्र में घटित विभिन्न आपराधिक घटनाओं और कांडों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान एसडीपीओ ने लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने तथा कांडों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

# चिकसौरा बस स्टैंड में एक महीने से नल-जल योजना बंद



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के चिकसौरा बस स्टैंड पर स्थित नल-जल योजना पिछले लगभग एक महीने से खराब पड़ी है, जिससे स्थानीय दुकानदारों, यात्रियों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच पेयजल की व्यवस्था ठप रहने से लोगों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।


स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि चिकसौरा बस स्टैंड पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है। यहां यात्रियों और आसपास के दुकानदारों के लिए नल-जल योजना ही मुख्य पेयजल का साधन है, लेकिन इसके खराब रहने से यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित विभाग और नगर परिषद को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। भीषण गर्मी के मौसम में पानी की समस्या और गंभीर हो गई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इस संबंध में हिलसा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार ने फोन पर बताया कि नल-जल योजना में लगा पांच एचपी का मोटर खराब हो गया है। उन्होंने कहा कि मोटर की मरम्मत टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कराई जाएगी।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही टेंडर निकालकर मोटर की मरम्मत कराई जाएगी, ताकि नल-जल योजना को फिर से सुचारू रूप से चालू किया जा सके और लोगों को पेयजल की सुविधा मिल सके।

# हरनौत बाजार में 15 अप्रैल से नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ होगा प्रारंभ



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार स्थित बाबा बख्तौर मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आगामी 15 अप्रैल से नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

इस महायज्ञ के संचालन की देखरेख अयोध्या धाम से पहुंचे यज्ञाधीश त्यागी बाबा कर रहे हैं। उनके सहयोगी के रूप में सहरसा से आए महंत दीपनारायण दास भी आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यज्ञ के लिए एक विशेष यज्ञशाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसे 16 स्तंभों पर तैयार किया जा रहा है। इस यज्ञशाला को तीन तल्लों में बनाया जाएगा, जिसके ऊपर एक मंदिर भी निर्मित किया जाएगा।यज्ञशाला के निर्माण कार्य में मुजफ्फरपुर जिले के चार कारीगर रंजीत सहनी, बलिंद्र सहनी, बटेश्वर सहनी और निराला सहनी लगे हुए हैं। महंत दीपनारायण दास ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या में धार्मिक प्रवचन और उसके बाद रासलीला का मंचन किया जाएगा। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मेले में झूले भी लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ का समापन होगा, जबकि 25 और 26 अप्रैल को बाबा बख्तौर का वार्षिक पूजनोत्सव मनाया जाएगा। इस आयोजन में नालंदा, नवादा, पटना, लखीसराय और शेखपुरा जिलों के लगभग 40 प्रमुख भगतों के नेतृत्व में पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसमें करीब 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

महायज्ञ को सफल बनाने में अवधेश भगत, कुमोद भगत, अजीत, अशोक, उदय मुनारी, लाला भगत, राजमनी भगत, दीपनारायण भगत, जामुन समेत कई लोग सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

# तीन से अधिक संतान पर वार्ड पार्षद अयोग्य, आयोग का बड़ा फैसला

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। नगर पंचायत हरनौत के वार्ड संख्या-19 के वार्ड पार्षद सह जिला परिषद सदस्य के पति अशोक कुमार को अधिक संतान होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से हटाने का आदेश जारी किया है। साथ ही गलत हलफनामा दाखिल कर आयोग को गुमराह करने के मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का भी निर्देश दिया गया है।

यह कार्रवाई पंकज कुमार द्वारा की गई शिकायत के आधार पर हुई। शिकायतकर्ता ने आयोग में आरोप लगाया था कि संबंधित वार्ड पार्षद की कुल पांच संतानें हैं, जिनमें से दो का जन्म वर्ष 2008 के बाद हुआ है। बिहार नगरपालिका अधिनियम-2007 के अनुसार 4 अप्रैल 2008 के बाद दो से अधिक जीवित संतान होने पर कोई भी व्यक्ति नगर निकाय चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य माना जाता है। इसके बावजूद तथ्यों को छुपाकर चुनाव लड़ने का आरोप लगाया गया था।

सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता ने एक पुत्र और एक पुत्री के जन्म वर्ष 2008 के बाद होने के प्रमाण प्रस्तुत किए। इसके अलावा जाति आधारित सर्वेक्षण के फार्म में भी पांच संतानों और उनकी आयु का उल्लेख होने का साक्ष्य दिया गया।

मामले की सुनवाई के बाद आयोग ने माना कि गलत शपथ पत्र देकर आयोग को गुमराह किया गया है। आदेश में जिला पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि उनके खिलाफ धोखाधड़ी और गलत हलफनामा देने के मामले में कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस आदेश के साथ ही वार्ड संख्या-19 का पार्षद पद रिक्त हो गया है। आयोग ने निर्देश दिया है कि इस सीट पर नियमों के अनुसार पुनः चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

# जनगणना 2027 की तैयारी को लेकर हरनौत प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह चार्ज पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने की। बैठक में विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि जनगणना कार्य को प्रभावी एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से चलाना आवश्यक है। उन्होंने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों और कर्मियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि जनगणना का कार्य समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरा हो सके।उन्होंने विशेष रूप से नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) कोषांग को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि यदि नियंत्रण कक्ष सुचारू रूप से कार्य करेगा तो अन्य सभी कोषांगों का संचालन भी बेहतर तरीके से हो सकेगा।

बैठक में विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें कार्मिक कोषांग के ब्रज किशोर चरण (बीएओ), प्रशिक्षण कोषांग की पूजा कुमारी (अंचलाधिकारी) तथा आईटी कोषांग की चांदनी रस्तोगी (एलईओ) शामिल थीं। इस दौरान सभी कोषांगों से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।मौके पर उपस्थित शिक्षक मनीष कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले नौ अप्रैल से प्रगणक और सुपरवाइज़र का प्रशिक्षण निर्धारित था, लेकिन वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अब यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। बैठक में कई कर्मी और प्रतिनियुक्त शिक्षक भी मौजूद रहे।





www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान

## नालन्दा की जनता की आवाज

अपने क्षेत्र की खबर भेजने
ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251